# म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

**वेबसाइट : www.esb.mp.gov.in**

प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट-2026 (PNST) प्रवेश परीक्षा

ऑनलाइन परीक्षा तिथि : 10.07.2026 से 13.07.2026

परीक्षा परिणाम तिथि 06th. अगस्त 2026

6/8/26

# मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट-2026 (PNST) प्रवेश परीक्षा

## का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 10.07.2026 से 13.07.2026 तक आयोजित मध्य प्रदेश के 10 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सीधी एवं उज्जैन में प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट-2026 (PNST) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है:-

1. इस परीक्षा के लिए 71,672 आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किए गए, जिनमें से 56324 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए तथा 15348 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।
2. परीक्षा उपरांत मंडल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से आपत्तियाँ आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त आपत्तियों पर कुंजी समिति के निर्णय के उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
3. ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर नियमपुस्तिका के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है। इसमें श्रेणीवार (अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं EWS) एकीकृत प्रावीण्य सूचियाँ तैयार की गई हैं तथा समान Percentile प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को नियमपुस्तिका में वर्णित सहवरिष्ठता के नियमों के अनुसार वरीयता दी गई है।

6/7/26

4. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। आवेदन-पत्र में दी गई सभी जानकारियों एवं मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश से पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जाएगा। इसके उपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जाएगी।
5. प्रवेश नियमों के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। काउंसलिंग कार्यक्रम की जानकारी नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
6. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परीक्षा परिणाम में आवश्यक सुधार करने का अधिकार कर्मचारी चयन मंडल के पास सुरक्षित रहेगा।
7. परीक्षा परिणाम ESB की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है, जहाँ से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/प्रिंट कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 06th अगस्त, 2026

06/8/26
नियंत्रक
कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल